कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।
वन भवन–1, हजारीबाग, 825301 (झारखण्ड)
E-mail: dfo-hazaribagheast@gov.in; Telephone No. 06546-272461

पत्रांक 1789 दिनांक 07/08/2020

सेवा में,

प्रोजेक्ट मैनेजर

जुडको, हजारीबाग।

विषय :— **कोनार डैम से हजारीबाग शहर तक पाईप लाईन जलापूर्त्ति योजना हेतु विभिन्न अवयवों के निर्माण हेतु वनभूमि अपयोजन के संबंध में।**

प्रसंग :— आपका पत्रांक—1727 दिनांक 18.06.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय में 09 (नौ) प्रतियों में आपके प्रसंगाधीन पत्र द्वारा प्राप्त हुआ है।

प्राप्त प्रस्ताव की स्थलीय जांच, वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर/ दारू वन प्रक्षेत्र तथा प्रमंडलीय दैनिक अमीन एवं आपके अधीनस्थ कर्मचारियों/ पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। प्रस्ताव की संयुक्त स्थलीय जांच एवं आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव में कुछ त्रुटियां एवं कमियां परिलक्षित हुई जो निम्नवत प्रतिवेदित की जा रही है :—

1. प्रस्ताव में सन्निहित ग्रामों का संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत जंगल—झाडी दर्ज भूमि का अनापति प्रमाण—पत्र संलग्न नहीं है।
2. प्रस्ताव में सन्निहित ग्रामों का संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत FRA प्रतिवेदन संलग्न नहीं है।
3. प्रस्तावित भूमि पर पिलरींग नहीं किया गया है जिससे स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि किस भाग में भूमि अपयोजित किया जाना है।
4. स्थल के अनुरूप मानचित्र गलत है।
5. प्रस्ताव के साथ संलग्न भूमि की विवरणी में प्रस्तावित वनभूमि एवं जंगल—झाडी भूमि को अलग—अलग ग्रामवार, खातावार, प्लॉटवार रकवा उल्लेख नहीं किया गया है।
6. प्रस्तावित स्थल मौजा—सदारो के प्लॉट संख्या— 198 (पी0) में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् क्षतिपूरक वनरोपण हेतु स्थल पूर्व से ही स्वीकृत है। फलस्वरूप प्रतिवेदित स्थल सदारो के वनभूमि को अपयोजन हेतु प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है। इसके स्थान पर दूसरे स्थल का चयन करना श्रेयस्कर होगा।

अतएव उपरोक्त वर्णित त्रुटियों के आलोक में आपके द्वारा समर्पित सभी प्रस्ताव (09 प्रतियों में) मूल रूप में वापस किया जा रहा है। अनुरोध है कि परिलक्षित त्रुटियों का निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि अग्रतर कार्रवाई किया जा सके।

अनुलग्नक—यथोक्त।

आपका विश्वासी

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

6.8.2020